समस्त शिवरात्री देवतानां, अभयंकरी देव्याः, क्षेमंकरी भवान्याः, सवशत्रुघातिन्याः, इह राष्ट्राधिपतेः स्थान भैरवस्य, इदम् आसनं नमः।

अर्घ समेत दर्भ के दो तिनके हाथ में रखकर देवताओं को आवाहन कीजिए

महाणपतये, कुमाराय, श्रियै, सरस्वत्यै, लक्ष्म्यै, विश्वकर्मणे, द्वार्देवताभ्यः, प्रजापतये, ब्रह्मणे, कलश देवताभ्यः, ब्रह्मविष्णुमहेश्वर देवताभ्यः, चातुर्वेदेश्वराय, सानुचराय, ऋतुपतये नारायणाय, फाल्गुणे शक्ति सहिताय चक्रिणे, क्रिया सहिताय गोविन्दाय, दुर्गायै, त्र्यम्बकाय, वरुणाय, यज्ञपुरुषाय, अग्निष्वात्तादिभ्यः पितृगणयाग देवताभ्यः, कालरात्र्यै, तालरात्र्यै, राज्ञिरात्र्यै, शिवरात्र्यै, भगवते भवाय देवाय पार्वती सहिताय परमेश्वराय, पूर्वे ॐ ह्रीं श्रीं देवी पुत्र वटुकनाथाय, आग्नेये भूत बलेभ्यः, दक्षिणे अग्निवेताल राजाय, नैर्ऋते बहुखातकेश्वराय, पश्चिमे स्थान क्षेत्रपालाय, वायवे मंगलराजाय, उत्तरे योगिनी बलेभ्यः, ईशाने विश्वक् सेनाय, ऊर्ध्वे जयक् सेनाय, पाताले तेजाय, मध्ये चण्डाय, समस्त शिवरात्री यागदेवताभ्यः, अभयंकरी देव्यै, क्षेमंकरी भवान्यै, सर्वशत्रुघातिन्यै, इह राष्ट्राधिपतये स्थान भैरवाय, युष्मान् वः पूजयामि ॐ पूजय।

हाथ में रखे दर्भ के दो तिनके पहले की तरह हाथ में ही रखिए केवल अर्घ निर्माल्य पात्र में छोडकर पुनः नये से अर्घ के दाने हाथ में रखिए

इमा रुद्राय तवसे कपर्दिने क्षय द्वीराय प्रभरामहे मतीः।
यथा नः शम् असद् द्विपदे चतुष् पदे विश्वं पुष्टं ग्रामे अस्मिन् अनातुरम्।।
महागणपतिं, कुमारं, श्रियं, सरस्वतीं, लक्ष्मीं, विश्वकर्माणं, द्वार्देवताः, प्रजापतिं ब्रह्माणं, कलशदेवताः, ब्रह्मविष्णुमहेश्वर देवता, चातुर्वेदेश्वरं, सानुचरं, ऋतुपतिं नारायणं, फाल्गुणी शक्ति सहितं चक्रिणं, क्रियासहितं गोविन्दं, दुर्गां, त्र्यम्बकं, वरुणं, यज्ञपुरुषं, अग्निष्वात्तादीः, पितृगण याग देवताः, कालरात्रीं, तालरात्रीं, राज्ञिरात्रीं, राज्ञिरात्रीं, भगवन्तं भवंदेवं पार्वतीसहितं परमेश्वरं, पूर्वे ॐ ह्रीं श्रीं

देवी पुत्र वटुकनाथ, आग्नेये भूतबलान्, दक्षिणे अग्निवेताल राजं, नैर्ऋते बहुखातकेश्वरं, पश्चिमे स्थान क्षेत्रपालं, वायवे मंगलराजं, उत्तरे योगिनीबलान्, ईशाने विश्वक्सेनं, ऊर्ध्वे जयक्सेनं, पाताले तेजं, मध्ये चण्डं, समस्त शिवरात्री देवताः, अभयंकरीं देवीं, क्षेमंकरीं भवानीं, सर्वशत्रुघातिनीं इह राष्ट्राधिपतिं, स्थान भैरवं आवाहयिष्यामि ॐ आवाहय।

दोनों दर्भकाण्ड और अर्घ निर्माल्य पात्र में छोड़कर वटुकदेव एवं अन्य देवों को अर्घपुष्प चढ़ाते रहिए पहले वटुकदेव तथा रामगुड़ को

1. **कुलाकुलपदे योसौ पालको भूतविग्रहः।**
   चिद् आनन्द रस पूर्णं वन्दे वटुक भैरवं।।

2. **आवाहयामि चाग्नेये भूतबलगणं विभुम्।**
   शवासनं रसभुजं भक्ताभयवर प्रदम्।।
   आग्नेये भूतबलेभ्यो नमः।

3. **आवाहयामि वक्त्रैकम् अग्निवेताल भैरवम्।**
   खरकर्णं विशालाक्षं दक्षिणे विघ्न हारिणम्।।
   दक्षिणे अग्निवेताल राजाय नमः।

4. **आवाहयामि नैर्ऋत्यां त्वां बहुखातकेश्वरम्।**
   उग्रदंष्ट्रं महौजस्कं अष्टबाहुं शवासनम्।।
   नैर्ऋते बहुखातकेश्वराय नमः।

5. **आवाहयामि वारुण्यां त्वां स्थान क्षेत्र पालकम्।**
   त्रिलोचन पंचवक्त्रं मुण्ड खड्गाद्युदा युधम्।।
   पश्चिमे स्थान क्षेत्रपालाय नमः।

6. आह्वये मंगलेशान पंचवक्त्रं कपालिनम्।
षड्भुजं रक्तवर्णं त्वां वायवे सिद्धिदं विभुम्।।
वायवे मंगलराजाय नमः।

योगिनियों को

7. योगिनी बल वृन्दं तं प्रपद्येऽहं चतुर्भुजम्।
उत्तरे योगिनी युक्तं नृत्य गीतप्रियं प्रभुम्।।
उत्तरे योगिनी बलेभ्यो नमः।

ऋषिडुलू को

8. विष्वक्सेनं प्रपद्येह पंचवक्त्रं भयानकम्।
अष्टबाहुं दीर्घनासम् ऐशान्यां सिद्धिदायकम्।।
"ईशाने विष्वक्सेनाय नमः।

9. जयक्सेनं प्रपन्नोहं त्रिनेत्रं सूकराननम्।
आकाशे विघ्न भीतिघ्नं प्रेतासन कृत स्थितिम्।।
"ऊर्ध्वे" जयक्सेनाय नमः।

क्षेत्रपालों को केवल अर्घ

10. आवाहयामि पाताले स्वामिनं तेजभैरवम्।
त्रिनेत्रं प्रेत मध्यस्थं नानायुध विराजितम्।।
"पाताले" तेजाय नमः।

11. आवाहयाम्यहं "मध्ये" चण्डं चण्डेश्वरं विभुम्।
सप्त वक्त्रं विंश भुजं भक्ता भीष्ट भयप्रदम्।।
"मध्ये" चण्डाय नमः।

अब शिवलिंग पर अर्घफूल चढ़ाते रहिए



1. लिङ्गेद्य भक्त दयया क्षणमात्रं एकं, स्थानं विधाय भवमत् विहितां पुरारे।
सर्वेश विश्वमय हृत् कमलादि रूढ़, पूजां गृहाण भगवन् भव मेऽद्य तुष्टः।।

2. भूमेर्जलात् च पवनात् अनलात् हिमांशोर् उष्णार्चिषो हृदयतो गगनात् समेत्य।
लिंगेऽद्य सन् मणिमये मत् अनुग्रहार्थ भक्त्यैक लभ्य! भगवन्! कुरु सन्निधानम्।।

3. नमो महेश्वरागच्छ देव देव जगत्पते। प्रसांद कुरु मे देव नमस्तुभ्यं हि शंकर।।

4. आवाहयामि वृषभासनं ईश्वरं तं गौरीपतिं सकल भीतिहर सुरेशम्। चर्माम्बरं दशभुजं च विभूति हस्तं व्यालैः विभूषित तनुं मख रक्षाणार्थम्।।

5. आगच्छ मृत्युञ्जय चन्द्रमौले व्याला जिना लंकृत शूलपाणे। स्वभक्त संरक्षण कामधेनो! प्रसीद सर्वेश्वर पार्वतेश।।

6. आयाहि भगवन्! शम्भो! सर्वेश! गिरिजापते।
प्रसन्नो भव देवेश! नमस् तुभ्यं हि शंकर।।

7. भगवन् पार्वतीनाथ! भक्तानुग्रह कारक।
अस्मत् दयानुरोधेन सन्निधानं कुरु प्रभो।।

8. इत्याहूय तु गायत्रीं त्रिः समुच्चार्य तत्त्ववित्,
मनसा चिन्तितैः द्रव्यैः देवं आत्मनि पूजयेत्।
तेजोरूपं ततः क्षिप् त्वा प्रतिमायां पुनर्यजेत्।।

चारों ओर जौ के दाने फेंकें

फिर तीन बार प्राणायाम कीजिए

ॐ भूः, ॐ भुवः, ॐ स्वः, ॐ महः ॐ जनः, ॐ तपः, ॐ सत्यं,
ॐ तत् सवितुः वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्
ॐ आपो ज्योति *रसोमृतम् ब्रह्म भूः भुवः स्वरोम्-3*

अब कटोरी से जलधारा हाथ में डालकर कटोरी में वापस डालें

शन्नो देवीर् अभिष्टये आपो भवन्तु पीतये।
शंय्योर् अभिस्रवन्तु नः।।

फिर इस कटोरी में जल, केसर, खील (लाय) सवौषधी थोड़ा–थोडा डालकर विष्टर साथ रखें। पूजामंडप में विराजमान सब देवताओं को प्रणाम करें

भगवन्तः पाद्यं पाद्यं।

इस कटोरी से थोड़ा थोड़ा जल पहले शिवलिंग पर चढ़ाते रहिए, साथ ही घंटा भी बजाते रहिए



1. **हिरण्य वर्णाः शुचयः पावका यासु जातः कश्यपो यासु इन्द्रः।**
   या अग्निं गर्भं दधिरे विरूपाः ता न आपः शंस्योना भवन्तु।।

2. **यासां देवा दिवि कृण्वन्ति भक्ष्ये या अन्तरिक्षे बहुधा भवंतु।**
   या अग्निं गर्भं दधिरे विरूपाः तान आपः शंस्योना भवंतु।

3. **यासां राजा वरुणो याति मध्ये सत्यानृते अवपश्यन् जनानाम्।**
   या अग्निं गर्भं दधिरे विरूपाः तान आपः शंस्योना भवंतु।।

4. **शिवेन मा चक्षुषा पश्यतापः शिवया तन्व उपस्पृश्यत त्वचं मे**
   मधुः च्युतः शुचयो या पावकाः तान आपः शंस्योना भवंतु।।

5. **भगवते भवाय देवाय पार्वतीसहिताय परमेश्वराय पाद्यं नमः**

कटोरी में थोड़ा जल बचाकर रखिए, उसमें रखे विष्टर से पहले कलश को पानी की छीटें डालते रहिए

महागणपतये, कुमाराय, श्रियै, सरस्वत्यै, लक्ष्म्यै, विश्वकर्मणे, द्वार्देवताभ्यः,

प्रजापतये, ब्रह्मणे, कलशदेवताभ्यः, ब्रह्मविष्णुमहेश्वर देवताभ्यः, चातुर्वेदेश्वराय, सानुचराय, ऋतुपतये नारायणाय, फाल्गुणे शक्तिसहिताय चक्रिणे, क्रियासहिताय गोविन्दाय, दुर्गायै, त्र्यम्बकाय, वरुणाय, यज्ञपुरुषाय, अग्निष्वात्तादिभ्यः पितृगणयागदेवताभ्यः, कालरात्र्यै, तालरात्र्यै, राज्ञिरात्र्यै, शिवरात्र्यै।

कलश के बाद वटुक देव तथा रामगुडू को इसी तरह छींटे देते रहें

पूर्वे ॐ ह्रीं श्रीं देवी पुत्र वटुकनाथाय, आग्नेये भूतबलेभ्यः, दक्षिणे अग्निवेतालराजाय, नैर्ऋते बहुखातकेश्वराय, पश्चिमे स्थानक्षेत्रपालाय, वायवे मंगलराजाय,

अब योगनियों को

उत्तरे योगिनी बलेभ्यः,

ऋषि डुलजी को

ईशाने विश्वक्सेनाय, ऊर्ध्वे जयक्सेनाय,

अब दो क्षेत्रापालों को

पाताले तेजाय, मध्ये चण्डाय,

मंडप में विराजमान सब देवताओं को

समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः, अभयंकरी देव्यै, क्षेमंकरी भवान्यै, सर्वशत्रुघातिन्यै, इह राष्ट्राधिपतये स्थान भैरवाय पाद्यं नमः।

कटोरी में बचा पानी निर्माल्यपात्र में छोड़कर दुबारा पहले की तरह कटोरी से नई जलधरा हाथ पर छोड़ते हुए उसे कटोरी में वापिस डालिए

शन्नो देवीर् अभिष्टये आपो भवन्तु पीतये। शंय्योर् अभिस्रवन्तु नः।।

अब इसमें जल, दूध, दही, घी, चावल, खील, सर्षप, डालें तथा विष्टर भी साथ रखें, कटोरी को नीचे रखकर सब भैरवों को प्रणाम करें



भगवन्तः अर्घ्यम् अर्घ्यम्

अब शिवलिंग पर पहले जल डालिए

त्वेषं वयं रुद्रं यज्ञं साधनम् अङ्कुङ् कविम् अवसे निह्वयामहे।
आरे अस्मद् दैव्यं हेडो अस्यतु सुमतिम् इद्वयम् अस्या वृणीमहे।।

अब इसी कटोरी के जल से कलश को पहले की तरह विष्टर से पानी की छींटें देते रहिए

महागणपति, कुमार, श्री, सरस्वती, लक्ष्मी, विश्वकर्मन्, द्वार्देवताः, प्रजापते, ब्रह्मण्, कलश देवताः, ब्रह्मविष्णु महेश्वर देवताः, चातुर्वेदेश्वर, सानुचर, ऋतुपति नारायण, फाल्गुणे शक्तिसहित चक्रिण्, क्रिया सहित गोविन्द, दुर्गे, त्र्यम्बक, वरुण, यज्ञपुरुष, अग्निष्वात्तादयः, पितृगणदेवताः कालरात्रि, तालरात्रि, राज्ञिरात्रि, शिवरात्रि,

वटुकदेव तथा रामगुड़ को

पूर्वे ॐ ह्रीं श्रीं देवीपुत्रवटुकनाथ भैरव, आग्नेये भूतबलाः, दक्षिणे अग्निवेताल राज, नैर्ऋते बहुखातकेश्वर, पश्चिमे स्थानक्षेत्रपाल, वायवे मंगलराज,

योगिनियों को

उत्तरे योगिनी बलाः,

ऋषि डुलजी को

ईशाने विश्वक्सेन, ऊर्ध्वे जयक्सेन,

क्षेत्रपालों को

पाताले तेज, मध्ये चण्ड, समस्तशिवरात्रि देवताः, अभयंकरी देवि, क्षेमंकरी भवानि, सर्वशत्रुघातिनि, इह राष्ट्राधिपति स्थान भैरव, इदं वः अर्घ्यं नमः।

कटोरी में बचे पानी को निर्माल्य पात्रा मे छोड़कर शिवलिंग पर साफ पानी डालते रहिए

इदं पित्रे मरुतां उच्यते वचः स्वादो स्वादीयो रुद्राय वर्धनम्।
रास्वा चनो अमृत मर्त्यभोजनं त्मने तोकाय तनयाय मृड।।
भगवते भवाय देवाय, पार्वतीसहिताय परमेश्वराय मंत्र स्नानं नमः

कलश और वटुक देवता आदि को भी छींटे दीजिए

गणपति कलशमंडल देवताभ्यः, पूर्वे ॐ ह्रीं श्रीं देवीपुत्र वटुकनाथ भैरवेभ्यः, तेजाय, चंडाय, समस्त शिवरात्री देवताभ्यः मंत्र स्नानं नमः।

शिवजी/सत्रपुतलू के स्नान के लिए किसी पात्र में जल रखे और उस में दूध, दही, घी, शहद, बेर, सर्षप, तिल चावल, पुष्प तिलक और भस्म डालिए यही जल कटोरी से शिवलिंग पर डालते रहे और बायें हाथ से घंटा बजाते जाइए



1. असङ्ख्याताः सहस्राणि ये रुद्रा अधि भूम्याम्।
   तेषां सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि।।

2. येऽस्मिन्महत्यर्णवे अन्तरिक्षे भवा अधि।
   तेषां सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि।।

3. ये नील ग्रीवाः शितिकण्ठाः दिवं रुद्रा उपाश्रिताः।
   तेषां सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि।।

4. ये नीलग्रीवाः शितिकण्ठाः शर्वा अधः क्षमाचराः।
   तेषां सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि।।

5. ये वनेषु शिषि-पिञ्जरा नीलग्रीवा विलोहिताः।
   तेषां सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि।।

6. येऽन्नेषु विविध्यन्ति पात्रेषु पिबतो जनान्।
   तेषां सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि।।

7. ये भूतानाम् अधिपतयो विशिखासः कपर्दिनः।
तेषां सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि।।

8. ये पथीनां पथिरक्षय ऐडमृडाय व्युधः।
तेषां सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि।।

9. ये तीर्थानि प्रचरन्ति सृकावन्तो निषंगिणः।
तेषां सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि।।

10. य एतावन्तो वा भूयाँसो वा दिशो रुद्रा वितष्ठिरे।
तेषां सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि।।

11. नमो अस्तु रुद्रेभ्यो ये दिवि येषां वर्षम् इषवः तेभ्यो
दश प्राचीर् दश दक्षिणा दश प्रतीचीर् दशोदीर् चीर् दशोर्ध्वाः।
तेभ्यो नमो अस्तु ते नो मृडयन्तु ते यं द्विष्मो
यश् च नो द्वेष्टि तम् एषां जम्भे दधामि।।

12. नमो अस्तु रुद्रेभ्यो येऽन्तरिक्षे येषां वात इषवस् तेभ्यो दश
प्राचीर् दश दक्षिणा दश प्रतीचीर् दशोदीचीर् दशोर्ध्वाः। तेभ्यो
नमो अस्तु ते नो मृडयन्तु ते यं द्विष्मो यश् च नो द्वेष्टि तम्
एषां जम्भे दधामि।।

13. नमो अस्तु रुद्रेभ्यो ये पृथिव्यां येषाम् अन्नम् इषवः तेभ्यो
दश प्राचीर् दश दक्षिणा दश प्रतीचीर् दशोदीचीर् दशोर्ध्वाः।
तेभ्यो नमो अस्तु ते नो मृडयन्तु ते यं द्विष्मो यश् च न द्वेष्टि
तम् एषां जम्मे दधामि।।

जल डालते रहिए

14. ॐ भूर् भुवः स्वः स्वाहा क्षुत् च शुक् च उष्णा च उग्रा च भीमाच राष्ट्रा च बीभत्सा च वैशन्ता च शार्दूलाका च चानिराका चामीवाचा नाहुतिश् च निर् ऋति रेतास् ते अग्निवर्तिमतीस् तन्वस्ताभिस् तम् गछ् योऽस्मान् द्वेष्टि यं च वयं द्विष्भः तम् अर्पय।

15. यो रुद्रो अग्नौ यो अप्सु य ओषधीषु यो वनस् पतिषु।
यो रुद्रो विश्वा भुवना विवेश तस्मै रुद्राय नमो अस्तु देवाः।।
भगवते भवाय देवाय पार्वतीसहिताय परमेश्वराय पंचदश स्नानानि नमः।

कलश की ओर विष्टर से जल की छींटे देते रहिए

महागणपतये, कुमाराय, श्रियै, सरस्वत्यै, लक्ष्म्यै, विश्वकर्मणे, द्वार्देवताभ्यः, प्रजापतये ब्रह्मणे, कलशदेवताभ्यः, ब्रह्मविष्णुमहेश्वर देवताभ्यः, चातुर्वेदेश्वराय, सानुचराय, ऋतुपतये नारायणाय, फाल्गुणे शक्ति सहिताय चक्रिणे, क्रिया सहिताय गोविंदाय, दुर्गायै, त्र्यम्बकाय, वरुणाय, यज्ञपुरुषाय, अग्नि ष्वातादिभ्यः, पितृगण-देवताभ्यः, कालरात्र्यै, तालरात्र्यै, राज्ञिरात्र्यै, शिवरात्र्यै,

वटुक तथा रामगुड को जल की छींटें

पूर्वे ॐ ह्रीं श्रीं देवीपुत्र वटुकनाथाय, आग्नेये भूतबलेभ्यः, दक्षिणे अग्निवेतालराजाय, नैर्ऋते बहुखातकेश्वराय, पश्चिमे स्थान क्षेत्रपालाय वायवे मंगलराजाय,

योगिनियों को जल की छींटे

उत्तरे योगिनी बलेभ्यः,

डुलू आदि को जल की छींटें

ईशाने विश्वक् सेनाय, ऊर्ध्वे जयक् सेनाय,

क्षेत्रपालों को जल की छींटें

पाताले तेजाय, मध्ये चंडाय, समस्तशिवरात्रीयाग देवताभ्यः, अभयंकरी देव्यै, क्षेमंकरी भवान्यै, सर्वशत्रुघातिन्यै, इह राष्ट्राधिपतये स्थान भैरवाय, पंचदश स्नानानि नमः।

कटोरी से जल शिवलिंग पर चढ़ाएं

ब्रह्मादयः देवाः तृप्यन्ताम्

गले में सीधा और दोनों अंगूठों में जन्यू रखकर फिर से जल शिवलिंग पर चढ़ाए

कण्ठोपवीती -

सनकादयः ऋषयः तृप्यन्ताम्



जन्यू को बाएं रख कर शिवलिंग पर जल चढ़ाएं

अपसव्येन -

अग्नि ष्वात्ता दयःपितरः

तृप्यन्ताम् तृप्यन्ताम् तृप्यन्ताम्

दायां जन्यू करके शिवलिंग पर फिर जल चढ़ाएं



सव्येन -

आ ब्रह्म स्तम्ब पर्यन्तं ब्रह्माण्डं सचराचरम्।
जगत् तृप्यतु तृप्यतु तृप्यतु एवम् अस्तु।।

शिवलिंग पर साफ जल डालिए

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकम् इव बन्धनात् मृत्योर् मुक्षीय मामृतात्।।
भवायदेवाय पार्वतीसहिताय परमेश्वराय,
शिवरात्रीदेवताभ्यः मंत्रगुडकं परिकल्पयामि नमः।

अपने बायें हाथ की हथेली में थोडे से चावल के दाने और पानी रख कर सब देवताओं के ऊपर से आरात्रिका (आलत) निकाले

रक्षोहणं वाजिनम् आजिघर्मि मित्रं प्रतिष्ठम् उपयामि शर्म।
शिशानो अग्निः क्रतुभिः समिद्धः स नो देवः सरिषः पातु नक्तम्।।
ते तृप्यन्तु वौषट्, भवाय देवाय पार्वतीसहिताय परमेश्वराय,
शिवरात्रीयागदेवताभ्यः आरात्रिकां परिकल्पयामि नमः।

बायें कधें से इस जल को फेंके



अब शिवलिंग तथा वटुकदेव के चरणों के जल से अपने नेत्रों का स्पर्श कीजिए

मृड त्वम् अस्मभ्यं रुद्र एतत् अस्तु हुतं तव।
पशून् अस्माकं मा हिंसीः एतत् अस्मा असत् हुतम्।।
भवाय देवाय, पार्वतीसहिताय परमेश्वराय, शिवरात्रीयाग देवताभ्यः, नेत्रस्पर्शनं नमः।

अब किसी दूसरे बर्तन में या भद्रपीठ को साफ करके आसन के लिये फूल बिछाएं

ॐ आसनाय नमः, पद्मासनाय नमः, प्रेतासनाय नमः, वृषभसनाय नमः, पीठासनाय नमः, विचित्रवाहनासनाय नमः।



अब शिवलिंग को इस पर बिठाएं और चांदी के वरके चढ़ाए

1. **उत्तिष्ठ भगवन् शम्भो, उत्तिष्ठ गिरिजापते।**
   उत्तिष्ठ त्रिजगत् नाथ, त्रैलोक्ये मंगलं कुरु।।
2. **किम् आसनं ते वृषभासनाय, किं भूषणं वासुकिभूषणाय।**
   वित्तेशभृत्याय किम् अस्ति देयं, महेश किं ते वचनीयं अस्ति।।

यहां 'महिम्नः पार' पढ़ते हुए या दूसरे स्तोत्रों से शिवलिंग पर अर्घपुष्प चढ़ाते जाइए। महिम्नः पार के पश्चात् फिर पुष्प चढ़ाते जाइए।

मा नो महान्तं उत मा नो अर्भकं मा न उक्षन्तं उत मा न उक्षितम्। मा नो वधीः पितरं उत मातरं मा नः प्रियाः तन्वो रुद्र रीरिषः।। भगवते भवाय देवाय, पार्वती सहिताय परमेश्वराय, शिवरात्रीयागदेवताभ्यः अनुलेपनं परिकल्पयामि नमः।

कलश, वटुक तथा अन्य भैरवों को वस्त्र या फूल चढ़ाएं



मा नः तोके तनये मा न आयौ मा नो गोषु मा नो अश्वेषु रीरिषः। वीरान् मा नो रुद्र भामितो वधीर् हविष्मन्तः सदमि त्वा हवामहे।। भगवते भवाय देवाय पार्वती सहिताय परमेश्वराय, गणपतिकलशमंडलयाग देवताभ्यः, शिवरात्री देवताभ्यः वस्त्रं समर्पयामि नमः।

शिवलिंग तथा वटुकदेव आदि पर यज्ञोपवीत या पुष्प डालिए

उप ते स्तोमन्पशुपा इवाकरं रास्वा पितर् मरुतां सुम्नम् अस्मे। भद्रा हि ते सुमति मृडयत् तम् अथा वयम् अव इत्ते वृणीमहे। भवायदेवाय पार्वतीसहिताय परमेश्वराय, गणपति कलशमंडलयागदेवताभ्यः, शिवरात्री देवताभ्यः यज्ञोपवीतं परिकल्पयामि नमः।

पहले शिवजी को केसर अथवा चंदन का तिलक लगाए



आरे ते गोध्नं उत पुरुषघ्नं क्षयद्वीर सुम्नं अस्मे ते अस्तु।
मृडा च नो अधि च ब्रूहि देवाधा च नः शर्म यच्छ द्विबर्हाः।।
भवाय देवाय, शर्वाय देवाय, रुद्राय देवाय, पशुपतये देवाय, उग्राय देवाय, भीमाय देवाय, महादेवाय, ईशानाय देवाय, ईश्वराय देवाय, उमासहिताय शिवाय, पार्वतीसहिताय परमेश्वराय, समालभनं गन्धो नमः।

अब कलश को सिन्दूर का तिलक लगाते रहिए



महागणपतये, कुमाराय, श्रियै, सरस्वत्यै, लक्ष्म्यै, विश्वकर्मणे, द्वार्देवताभ्यः, प्रजापतये, ब्रह्मणे, कलशदेवताभ्यः, ब्रह्मविष्णुमहेश्वरदेवताभ्यः, चातुर्वेदेश्वराय, सानुचराय, ऋतुपतये नारायणाय, फाल्गुणे शक्ति सहिताय चक्रिणे, क्रियासहिताय गोविन्दाय, दुर्गायै, त्र्यम्बकाय, वरुणाय, यज्ञपुरुषाय, अग्निष्वात्तादिभ्यः, पितृगणदेवताभ्यः, कालरात्र्यै, तालरात्र्यै, राज्ञिरात्र्यै, शिवरात्र्यै,

वटुकदेव और रामगुड को

पूर्वे ॐ ह्रीं श्रीं देवीपुत्र वटुकनाथाय, आग्नेये भूतबलेभ्यः, दक्षिणे अग्निवेतालराजाय, नैर्ऋृते बहुतखातकेश्वराय, पश्चिमे स्थानक्षेत्रपालाय, वायवे मंगलराजाय,

योगिनियों को

उत्तरे योगिनीबलेभ्यः,

डुलू आदि को



ईशाने विश्वक्सेनाय, ऊर्ध्वे जयक्सेनाय

क्षेत्रपालों को

पाताले तेजाय मध्ये चण्डाय,

फिर सब देवताओं को

अभयंकरी देव्यै, क्षेमंकरी भवान्यै, सर्वशत्रुघातिन्यै, इह राष्ट्राधिपतये स्थान भैरवाय, सभालभनं गन्धो नमः।

हाथ धोकर शिवलिंग पर अर्घपुष्प चढ़ाए

अवोचाम नमो अस्मा अवस्यवः शृण्वन्तु नो हव्यं रुद्रो मरुत्वान्।
तन्नो मित्रे वरुणो मामहन्तां अदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः।।
भवाय देवाय पार्वतीसहिताय परमेश्वराय अर्घो नमः पुष्पं नमः।

कलश को अर्घपुष्प

महागणपतये, कुमाराय, श्रियै, सरस्वत्यै, लक्ष्म्यै, विश्वकर्मणे, द्वार्देवताभ्यः, प्रजापतये, ब्रह्मणे, कलश देवताभ्यः, ब्रह्मविष्णुमहेश्वरदेवताभ्यः, चातुर्वेदेश्वराय, सानुचराय, ऋतुपतये नारायणाय, फाल्गुणे शक्तिसहिताय चक्रिणे, क्रिया सहिताय गोविन्दाय, दुर्गायै, त्र्यम्बकाय, वरुणाय, यज्ञपुरुषाय, अग्निष्वात्तादिभ्यः, पितृगणदेवताभ्यः, कालरात्र्यै, तालरात्र्यै, राज्ञिरात्र्यै, शिवरात्र्यै,

वटुकदेव तथा अन्य भैरवों को

पूर्वे ॐ ह्रीं श्रीं देवीपुत्र वटुकनाथाय, आग्नेये भूतबलेभ्यः, दक्षिणे अग्निवेताल राजाय, नैर्ऋते बहुखातकेश्वराय, पश्चिमे स्थान क्षेत्रपालाय, वायवे मंगलराजाय, उत्तरे योगिनीबलेभ्यः, ईशाने विश्वक्सेनाय, ऊर्ध्वे जयक्सेनाय, पाताले तेजाय, मध्ये चण्डाय, समस्त शिवरात्रीदेवताभ्यः, अभयंकरी देव्यै, क्षेंमंकरी भवान्यै, सर्वशत्रु घातिन्यै, इहराष्ट्राधिपतये स्थान भैरवाय अर्घो नमः पुष्पं नमः।

धूप घुमाएं

धूरसि धूर्व धूर्वन्तं योस्मान् धूर्वति तं धूर्व, यं वयं धूर्वामः तं च धूर्व। देवानाम् असि वह्नितमं सस्नितमम् पप्रितमम् इष्टतमम् देवहुतमम् विष्णोः क्रमोसि आह्नुतम् असि हविः दानं दृंहस्व माह्वान् मित्रस्य त्वा चक्षुषा प्रेक्ष उरु त्वा वाताय वसवस्त्वा धूपयन्तु गायत्रेण छन्दसाऽङ्गिरस्वत्ऽरुद्रास्त्वा धूपयन्तु त्रैष्टुमेन छन्दसाऽङ्गिरस्वत्। आदित्यास्त्वा धूपयन्तु जागतेन छन्दसाऽङ्गिरस्वत्। विश्वेत्वा देवा वैश्वानरा धूपयन्तु आनुष्टुमेन छन्दसाऽङ्गिरस्वत्, इन्द्रस्त्वा

धूपयतु,वरुणस्त्वा धूपयतु विष्णुस्त्वा धूपयतु। गणपतिकलशमंडल देवताभ्यः, भवाय देवाय, पार्वतीसहिताय परमेश्वराय, कालरात्र्यै, तांलरात्र्यै, राज्ञिरात्र्यै, शिवरात्र्यै, समस्त शिवरात्री यागदेवताभ्यः, अभयंकरी देव्यै, क्षेमंकरी भवान्यै, सर्वशत्रु घातिन्यै, इहराष्ट्राधिपतये स्थान भैरवाय, धूपं आघ्रापयामि नमः।

रत्नदीप दर्शाए

तेजोसि शुक्रं असि ज्योतिर् असि धामासि प्रियन् देवानां अनादृष्टं देवयजनं देवताभ्यस्त्वा देवताभ्यो गृह्णामि, यज्ञेभ्यस्त्वा यज्ञियेस्यो गृह्णामि। गणपति कलश मंडल देवताभ्यः, भवाय देवाय, पार्वती सहिताय परमेश्वराय, कालरात्र्यै, तालरात्र्यै, राज्ञिरात्र्यै, शिवरात्र्यै, समस्त शिवरात्रि यागदेवताभ्यः, रत्नदीपं दर्शयामि

काफूर प्रज्वलित कर दिखाए

कर्पूरदीप सुमनोहरं प्रभो
ददोनि ते देववर प्रसीद मे।
पापान्धकार त्वरित निवारय,
प्रज्ञानदीप मनसि प्रज्वालरय।।
गणपति कलश मंडल देवताभ्यः भवाय देवाय
पार्वती सहिताय परमेश्वराय शिवरात्री देवताभ्यः
कर्पूरं परिकल्य यामि।

अब परिवार के सभी सदस्यों को तिलक लगाए और मौली बांधिए।
पुरूष दायें कलाई पर मौली बांधे और स्त्री बाई कलाई पर मौली बांधें



पुरूषों और बालको को इस मंत्र द्वारा तिलक लगाएं

मंत्रार्थाः सफलाः सन्तु, पूर्णाः सन्तु मनोरथाः।
शत्रूणां बुद्धिनाशोऽस्तु मित्राणां उदयस् तव।
आयुः आरोग्यं ऐश्वर्यं एतत्त्रितयं अस्तु ते
जीव त्वं शरदः शतम्।। रक्षाणो ब्रह्मणस् पते।।

सुहागनों को इस मंत्र द्वारा तिलक लगाएं

धनपुत्रवती साध्वी सततम् भर्तृ वल्लभा।
मनोज्ञा ज्ञानसहिता तिष्ठ त्वं शरदः शतम्।।

कन्याओं को इस मंत्र द्वारा तिलक लगाएं

जातवेदसे सुनवाम, सोमम् अराती यतो निदहाति वेदः।
स नः पर्षत् अति दुर्गाणि विश्वा, नावेव सिन्धुम् दुरितातिं अग्निः।।

मौली बांधने का मंत्र, सब का एक जैसा है।

यदा बन्धन्दाक्षायणा हिरण्यं शतानीकाय सुमनस्यमानः।
तन्म आबध्नामि शत शारदाय आयुष्मान् जरदष्टिः यथासत्।।

हाथ में फूल लेकर सब खड़े होकर आरती उतारें

1. **ॐ अतिभीषण कटुभाषण यमकिंकर पटली,**
   कृततताडन परिपीडन मरणागम समये।
   डउमया सह मम चेतसि यमशासन निवसन्,
   शिव शंकर शिव शंकर हर मे हर दुरितम्।।
2. **अतिदुर्नय चटुलेन्द्रिय रिपुसंचय दलिते,**
   पविकर्कश कटु जल्पित खल गर्हण चलिते।

शिवया सह मम चेतसि शशिशेखर निवसन्,
शिवशंकर शिवशंकर हर मे हर दुरितम्।।

3. भवभंजन सुररंजन रवलवंचन पुरहन्
दनुजान्तक मदनान्तक रविजान्तक भगवन्।
गिरिजावर करुणाकर परमेश्वर भयहन्,
शिव शंकर शिवशंकर हरमे हर दुरितम्।।

4. शक्रशासन कृतशासन चतुर् आश्रमविषये,
कलिविग्रह भवदुर्ग्रह रिपुदुर्बल समये।
द्विजक्षत्रिय वनिता शिशुदर कम्पित हृदये,
शिवशंकर शिवशंकर हर मे हर दुरितम्।।

5. भवसम्भव विविधामय परिपीडित वपुषम्,
दयितात्मज ममताभर कलुषीकृत हृदयम्।
कुरु मां निजचरणार्चन निरतं भव सततम्,
शिवशंकर शिवशंकर हर मे हर दुरितम्।।

कलश तथा अन्य देवताओं पर फूल चढ़ांए

गणपति कलशमंडल देवताभ्यः, भगवते भवाय देवाय, शर्वायदेवाय, रुद्रायदेवाय, उग्राय देवाय, पशुपतये देवाय, पार्वतीसहिताय परमेश्वराय, पूर्वे ॐ ह्रीं श्रीं देवीपुत्र वटुकनाथाय, समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः चामरं परिकल्पयामि नमः।

वटुकदेव तथा अन्य देवों पर फूलों का छत्र/फूल चढ़ाए

**काण्डात् काण्डात् प्ररोहन्ती पुरुषः परुषस्परि।
एवा नो दूर्वे प्रतनु सहस्रेण शतेन च।।**

गणपतिकलश देवताभ्यः, भवाय देवाय पार्वतीसहिताय परमेश्वराय, ॐ पूर्वे ह्रीं श्रीं देवीपुत्र वटुकनाथाय, समस्तशिवरात्रि, देवताभ्यः छत्रं परिकल्पयामि नमः।

शीशा दिखाए



तत् चक्षुर् देवहितं पुरस्तात् शुक्रम् उच्चरत्।
पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतम्।।
शिवरात्री देवताभ्यः आदर्शं परिकल्पयामि नमः।

निर्माल्य में कुछ जल डालें

एताभ्यो देवताभ्यो धूपदीपात् संकल्पसिद्धिः अस्तु धूपो नमः दीपो नमः।

कलश तथा अन्य देवताओं पर फूल चढ़ाए

एताभ्यो देवताभ्यो वासो नमः

नमस्कार करें

एतासां शिवरात्रि देवतानां अर्घ्य दानाद्यर्चन विधिः सर्वः परिपूर्णोस्तु।

अब परिवार के सब सदस्य वटुक भैरव के घडे में इस मंत्र से दूध और कन्द चढ़ाए

ईशानं त्वा शुश्रुमा वयं धनानां धनपते गोमद् अ अश्ववत् भूरि पुष्टं हिरण्यवत् धनवत् देहि मह्यम् ॐ ह्रीं श्रीं देवीपुत्रवटुकनाथाय मात्रमधुपर्कं चरुं समर्पयामि नमः।



दूसरे पात्रों में भी थोड़ा थोड़ा दूध डालिए

समस्त शिवरात्रि देवताभ्यो मात्रामधुपर्कं चरुं समर्पयामि नमः।

किसी बर्तन में दो तीन इलायची, दो तीन लौंग, थोड़ा नारियल तथा किशमिश के दाने ताम्बूल के रूप में भेंट कीजिए

ताम्बूलं विविधैः द्रव्यैः नारिकेलादिभिः युतम्।
मुरवशुद्धिकरं स्वामिन् गृहाण वरदो भव।
शिवरात्रि देवताभ्यः ताम्बूलं समर्पयामि नमः।।

शिवलिंग की मानसिक भाव (मान) से अर्द्ध प्रदक्षिणा करें

यानि कानि च पापानि ब्रह्म हत्यादिकानि च।
तानि तानि प्रणश्यन्ति शिवस्यार्ध प्रदक्षिणात्।।
ॐ नमो भैरवेशाय वटुकभैरव सानुग भगवन् प्रसीद।

शिवलिंग पर पुष्प चढ़ाते रहिए

न- **नागेन्द्र हाराय त्रिलोचनाय भस्माङ्ग रागाय महेश्वराय।**
देवाधिदेवाय दिगम्बराय तस्मै नकाराय नमः शिवाय।।

मः **मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथ नाथ महेश्वराय।**
मंदार पुष्प बहु पुष्प सु पूजिताय तस्मै मकाराय नमः शिण्वाय।।

शि **शिवाय गौरी वदनाब्ज वृंद सूर्याय दक्षाध्वर नाशकाय।**
श्रीनील कण्ठाय वृष ध्वजाय तस्मै शिकाराय नमः शिवाय।।

वा **वसिष्ठ कुंभोद् भवगौतमादि मुनीन्द्र वंद्याय गिरीश्कराय।**
चन्द्रार्क वैश्वानर लोचनाय तस्मै वकाराय नमः शिवाय।।

य यज्ञ स्वरूपाय जटा धराय पिनाक हस्ताय सनातनाय।
दिव्याय देवाय दिगंबराय तस्मै यकाराय नमः शिवाय।।

हाथ जोड़कर अष्टाङ्ग प्रणाम करिए

उभाभ्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा उरसा मनसा वचसा च नमस्कारं करोमि नमः।

निर्माल्य पात्र में पानी छोड़ें और जंग के चावल को पानी की छींटे दे

अन्नं नमः, अन्नं नमः, आज्यं, आज्यं अद्य दिने अद्य यथा संकल्पात् सिद्धि अस्तु।

फिर नमस्कार करें

अन्नहीनं क्रिया हीनं विधिहीनं द्रव्यहीनं मंत्रहीनं च यत् गतं तत् सर्वं अछिद्रं सम्पूर्णं अस्तु एवं अस्तु।

कटोरी से हाथ में जल की धरा छोड़ते हुए उस जल को उसी कटोरी में वापिस डालिए

शन्नो देवीर् अभिष्टये आपो भवन्तु पीतये, शंय्योर् अभिस्रवन्तु नः।।

इस में से थोड़ा जल पहले कलशपात्र में डालिए



गणपतिकलश मंडल देवताभ्यः अपोशानं नमः आचमनीयं नमः

शिवलिंग पर थोड़ा जल डालिए

भगवते भवाय देवाय पार्वती सहिताय परमेश्वराय अपोशानं नमः आचमनीयं नमः

वटुक देव तथा अन्य पात्रों में भी जल डालिए



पूर्वे ॐ ह्रीं श्रीं देवीपुत्र वटुकनाथ देवताभ्यः,

अंत में क्षेत्रपालों में भी जल डालिए

तेजाय चण्डाय समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः अपोशानं नमः आचमनीयं नमः।

दुबारा कटोरी से हाथ में पानी की धारा छोड़ते हुए फिर उसी में वापिस डालें और उसी में सब की दक्षिणा डाल दें

शन्नो देवीर् अभिष्टये, आपो भवन्तु पीतये,
शंय्योर् अभिस्रवन्तु नः।



पहले कलश को दक्षिणा अर्पण करें

गणपति कलश मंडल देवताभ्यो, दक्षिणायै तिल-हिरण्य रजतनिष्कर्णं ददानि।

अब शिवलिंग /सज्जपुतलू को

भगवते भवाय देवाय पार्वतीसहिताय परमेश्वराय, दक्षिणायै तिलहिरण्य रजतनिष्कर्णं ददानि।

फिर वटुकभैरव को

पूर्वे ॐ ह्रीं श्रीं देवीपुत्र वटुकनाथाय, दक्षिणायै तिलहिरण्य रजतनिष्कर्णं ददानि।

अन्य देवताओं को

समस्तशिवरात्रि देवताभ्यः, दक्षिणायै तिलहिरण्य रजतनिष्कर्णं ददानि।

और अन्त में क्षेत्रपालों को

तेजाय, चण्डाय, दक्षिणायै तिलहिरण्य रजतनिष्कर्णं ददानि।

फिर इसके साथ ही एक एक सिक्का सब देवताओं को अर्पण करें

एता देवताः सदक्षिणा अनेन प्रीयन्तां प्रीताः सन्तु।

इसी पानी से अपने मुंह पर जल की छीटें लगावें कलश पर दो बार फूल चढ़ावें

ॐ तत् विष्णोः परमं पदं सदा पश्यंति सूरयः दिवीवचक्षुर् आततम्।
तत् विप्रासो विपण्यवो जागृवांसः समिन्धते विष्णोः यत् परमं पदम्।।

अब वटुक देव पर फूल

1. **नाथं नाथं त्रिभुवन नाथं, भूतिसितं, त्रिनयनं, त्रिशूलधरम्,**
   उपवीती कृत भोगिनं, इन्दु कला शेखरं वन्दे।
2. **करकलित कपालः कुण्डली दण्डपाणिः,**
   तरुण तिमिर नील,ः व्याल यज्ञोपवीती।
3. **क्रतु समय सपर्या, विघ्न विच्छेद दक्षो,**
   जयति वटुकनाथः, सिद्धिदः साधकानाम्।।
4. **ब्रह्मन् ब्रह्माण्ड खण्डे, क्षप रुधिर वसा, सान्द्र सेधो प्रदग्धान्,**
   उष्णोष्णः कृष्णवक्षः, पति शिरसि पतत्, पर्वतैः पूरयाब्धिम्।
   पातालेन्द्रस् तु तारं, कुरु कनक गिरिं, तांडवीं तिष्ठ, शम्भो,
   देवी चक्रं, चिकिर्षुः, स्वयमपि वटुको, वंदिताज्ञा पुनातु।

प्रणाम करना

अथ वैश्वदेव
(अब वैश्वदेव करना है)



अथ वैश्वदेव विधि:

अग्निकुण्ड



पानी भरा प्रणीतपात्र

विष्टुर

तिल

फूल

वैश्वदेव आरम्भ करने से पहले अग्निकुंड या एक दो ईंटें लाकर सामने रखें। फिर उस में लकड़ी के कुछ टुकड़ें डाल कर रखें। अग्नि के नैर्ऋत कोण में यानि अपनी दाईं ओर विष्टर, अक्षत (चावल), तिल, फूल और पानी भरी कटोरी रखें। इसको प्रणीत पात्र कहते हैं।

फिर अपनी रीति के अनुसार चार बर्तनों में पकाया हुआ भोजन, सब्जी, व्यंजन आदि समेत लाइए

1. पहली थाली — इस में नैवेद्य के लिए भोजन तथा सब व्यंजन पकवान रखें
2. दूसरी थाली — इसमें अन्नकणों तथा पितरों के लिए 8–10 चावल की रोटियां रखें
3. तीसरी थाली — इसमें चुट् तथा अन्य प्राणियों (यानि पशु, पक्षी आदि जीवों) की बलि के लिए व्यंजन समेत अन्न रखें
4. चौथी थाली — शिवरात्रि देवताओं तथा डुलू में बलि के लिये अन्न, सब पकवान सहित रखें

अब वैश्वदेव करना है।

इसके लिये पुस्तक में बताए निर्देशों के अनुसार सब चीजें पहले ही तैयार रखें। फिर अग्नि को प्रज्वलित करें और प्रणीत पात्र में तिल के दाने और फूल डालें

पात्रं तिलाक्षतैर् मिश्रैः कुसुमोदक विष्टरैः,
अग्नेः चैशान दिक् भागे प्रणीतम् अभिधीयते।
प्रणीतम् नैर्ऋते स्थाप्यं स विष्णुर्नात्र संशयः।।

अब प्रणीतपात्र में तीन बार फूल डालिए



पहली बार – **संव्वः सृजामि हृदयं संसृष्टं मनो अस्तु वः।**
दूसरी बार – **संसृष्टाः तन्वः सन्तु वः संसृष्टः प्राणो अस्तु वः।**
तीसरी बार – **संयावः प्रियाः तन्वः संप्रिया हृदयानि वः आत्मा वो अस्तु संप्रियः संप्रियाः तन्वो मम।**

अग्नि में से दो दर्भकांड जलाकर दाई ओर निर्माल्य पात्र में फेंकिए

निर्दग्धं रक्षो निर्दग्धा रातिरपाग्रे अग्नि मामादं जहि निष् क्रव्यादं सीधा देव यजनं वह।

प्राणायाम कीजिए

ॐ भूः, ॐ भुवः, ॐ स्वः, ॐ महः ॐ जनः, ॐ तपः, ॐ सत्यं, ॐ तत् सवितुः वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्, आपो ज्योति रसोमृतम् ब्रह्म भूः, भुवः स्वरोम्। 3 बार

अग्नि को प्रणीतपात्र में से नौ छींटे दीजिए

1. ऋतं त्वा सत्येन परिसमूह्यामि 2 सत्यं त्वर्तेन परिसमूह्यामि 3 ऋतसत्याभ्यांत्वा परिसमूह्यामि 4 ऋतं त्वा सत्येन पर्युक्षामि 5 सत्यं त्वर्तेन पर्युक्षामि 6 ऋतसत्याभ्यां त्वा पर्युक्षामि 7 ऋतं त्वा सत्येन परिषिञ्चामि 8 सत्यं त्वर्तेन परिषिञ्चामि 9 ऋतसत्याभ्यां त्वा परिषिञ्चामि।

अग्नि के चारों ओर एक–एक दर्भकांड छोडिए

यज्ञस्य सन्ततिर् असि यज्ञस्य त्वा सन्तत्यै स्तृणामि।

पहले पूर्व की ओर– **पुरस्तात्**

दक्षिण की ओर – **दक्षिणत:**

उत्तर की ओर – **उत्तरत:**

पश्चिम की ओर – **पश्चात् इति स्तरै:।**



अग्नि को प्रणाम करें

ज्वाला मण्डितम् आकाशं साक्षमाला कमण्डलुम्,
त्रिनेत्रं पंचवक्त्रं च होमकाले तु चिन्तयेत्।
शुक पृष्ठ गतं देवं शक्ति हस्तं चतुर्भुजम्,
मृगाजिनेन सन्नद्धं पुष्पवर्णं हुताशनम्।।

अग्नि में तिलक और फूल डालिए

अग्नये वैश्वानराय, शुकारूढ़ाय, स्वाहासहिताय, पावकाय, त्रिनेत्राय, तेजोरूपाय, शक्ति हस्ताय,समालभनं गन्धो नम:, अर्घो नम:,पुष्पं नम:।

दो दर्भकांड अग्नि में से जलाकर वैश्वदेव के लिए पकाई रोटियों पर रखकर उन्हें थोड़ा घी भी लगाएं



वैश्वदेवस्य सिद्धस्य सर्वतोऽग्रस्य अन्नस्य जुहोति पाकस्य घृतेन संलिप्य यजमानाय स्वस्त्यस्तु श्रृतम् अभिघार्य।

अब उनके छोटे–छोटे टुकड़े काटकर अग्नि में आहुति के लिए तैयार रखें



पहला टुकडा अग्नि में उत्तर की ओर डालिए

अग्नये स्वाहा

फिर दूसरा टुकड़ा अग्नि में दक्षिण की ओर डालिए



सोमाय स्वाहा

अब अग्नि के मध्य में एक–एक टुकडा डालते रहिए

मित्राय स्वाहा, वरुणाय स्वाहा, इन्द्राय स्वाहा, इन्द्राग्निभ्यां स्वाहा, विश्वेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा, प्रजापतये स्वाहा, अनुमत्यै स्वाहा, धान्वन्तरये स्वाहा, वास्तोष्पतये स्वाहा, वासुदेवाय स्वाहा, सङ्कर्षणाय स्वाहा, प्रद्युम्नाय स्वाहा, अनिरुद्धाय स्वाहा, सत्याय स्वाहा, उपुरुषाय स्वाहा अच्युताय स्वाहा, माधवाय स्वाहा, गोविन्दाय स्वाहा, गोपालाय स्वाहा, सहस्रनाम्ने विष्णवे लक्ष्मी सहिताय नारायणाय स्वाहा।

अब इनमें से तीन टुकड़े नैवेद्य के लिये हाथ में रखें

सावित्राणि, सावित्रस्य देवस्यत्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनो बाहुभ्यां पूष्णोः हस्ताभ्यां आदधे। वैश्वदेव पूर्वकं शिवरात्रियाग देवताभ्यः ॐ नमो नैवेद्यं निवेदयामि नमः।

इन नैवेद्य के टुकडों को किसी अलग कटोरी में रखें और बाद में सर्वसाधारण नैवेद्य के साथ मिलायें। अब नैवेद्य की थाली को सब परिवार जनों के समेत हाथ से थाम ले और घण्टा भी बजाते रहिए। नैवेद्यथाली में किसी पात्र में नारिलय काजू बदाम गिरी किशमिश, सब्ज इलायची भी रखें, पूजा की समाप्ति पर इसे परिवार जनों में बांटिए।

नैवेद्य मंत्र

अमृतेशमुद्रया अमृतीकृत्य अमृतं अस्तु अमृतायतां नैवेद्यं सावित्रणि सावित्रस्य देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोः बाहुभ्यां पूष्णोः हस्ताभ्यां आदधे। महागणपतये कुमाराय श्रियै सरस्वत्यै लक्ष्म्यै विश्वकर्मणे द्वार्देवताभ्यः प्रजापतये ब्रह्मणे कलशदेवताभ्यः ब्रह्म विष्णु महेश्वरदेवताभ्यः चातुर्वेदेश्वराय सानुचराय ऋतुपतये नारायणाय फाल्गुने शक्ति सहिताय चक्रिणे क्रियासहिताय गोविन्दाय दुर्गायै त्र्यम्बकाय वरुणाय यज्ञपुरुषाय अग्निष्वात्तादिभ्यः पितृगणदेवताभ्यः कालरात्र्यै तालरात्र्यै राज्ञिरात्र्यै शिवरात्र्यै पूर्वे ॐ ह्रीं श्रीं देवीपुत्र वटुकनाथाय आग्नेये भूतबलेभ्यःदक्षिणे अग्निवेतालराजाय नैर्ऋते बहुखातकेश्वराय पश्चिमे स्थानक्षेत्रपालाय वायवे मंगल राजाय उत्तरे योगिनीबलेभ्यः ईशाने विष्वक्सेनाय ऊर्ध्वे जयक्सेनाय पाताले तेजाय मध्ये चण्डाय समस्त

शिवरात्रि देवताभ्यः भगवते वासुदेवाय संकर्षणाय प्रद्युम्नाय अनिरुद्धाय सत्याय पुरुषाय अच्युताय माधवाय गोविन्दाय गोपालाय सहस्रनाम्ने विष्णवे लक्ष्मीसहिताय नारायणाय। भवायदेवाय शर्वायदेवाय रुद्राय देवाय पशुपतये देवाय उग्रायदेवाय भीमायदेवाय महादेवाय, ईशानाय देवाय ईश्वराय देवाय उमासहिताय शिवाय पार्वतीसहिताय परमेश्वराय। विनायकाय एकदन्ताय कृष्णपिंगलाय गजाननाय लम्बोदराय भालचन्द्राय, हेरम्बाय आखुरथाय विघ्नेशाय विघ्नभक्ष्याय वल्लभासहिताय श्रीमहागणेशाय। क्लीं कां कुमाराय षण्मुखाय मयूरवाहनाय सेनाधिपतये कुमाराय ह्रां ह्रीं सः सूर्याय सप्ताश्वाय अनश्वाय एकाश्वाय नीलाश्वाय प्रत्यक्षदेवाय परमार्थसाराय तेजोरूपाय प्रभासहिताय आदित्याय। भगवत्यै अमायै कामायै चार्वङ्ग्यै टंकधारिण्यै तारायै पार्वत्यै यक्षिण्यै श्रीशारिकाभगवत्यै श्री शारदा भगवत्यै श्री महाराज्ञी भगवत्यै श्री ज्वाला भगवत्यै व्रीडा भगवत्यै वैखरी भगवत्यै वितस्ता भगवत्यै गंगाभगवत्यै यमुनाभगवत्यै कालिका भगवत्यै सिद्धलक्ष्म्यै महालक्ष्म्यै महात्रिपुरसुंदर्यै सहस्रनाम्न्यै देव्यै भवान्यै। अभयंकरी देव्यै क्षेमंकरीभवान्यै सर्वशत्रुघातिन्यै इहराष्ट्राधिपतये स्थान भैरवाय। इन्द्राय वज्रहस्ताय अग्नये शक्तिहस्ताय यमाय दण्डहस्ताय नैर्ऋतये खड्गहस्ताय वरुणाय पाशहस्ताय वायव्ये ध्वजहस्ताय कुबेराय गदाहस्ताय ईशानाय त्रिशूल हस्ताय ब्रह्मणे पद्महस्ताय विष्णवे चक्रहस्ताय अनन्तादिभ्यः अष्टाभ्यः कुलनागदेवताभ्यः। अग्न्यादित्याभ्यां वरुण चन्द्रमोभ्यां कुमार-भौमाभ्याम् विष्णु बुधाभ्यां इन्द्रा बृहस्पतिभ्यां सरस्वतीशुक्राभ्यां प्रजापतिशनैश्चराभ्यां गणपतिराहुभ्यां रुद्रकेतुभ्यां ब्रह्मध्रुवाभ्यां अनन्तागस्त्याभ्यां ब्रह्मणे कूर्माय ध्रुवाय अनन्ताय हरये लक्ष्म्यै कमलायै शिख्यादिभ्यः पंच चत्वारिंशत् वास्तोष्पतिदेवताभ्यः। ब्राह्म्यादिभ्यः मातृभ्य : गौर्यादिभ्यो

मातृभ्यः ललितादिभ्यो मातृभ्यः दुर्गाक्षेत्र गणेश देवताभ्यः राकादेवताभ्यः त्रिकादेवताभ्यः सिनीवाली देवताभ्यः यामी देवताभ्यः रौद्री देवताभ्यः वारुणी देवताभ्यः बार्हस्पत्य देवताभ्यः ॐ भूः देवताभ्यः ॐ भुवः देवताभ्यः ॐ स्वः देवताभ्यः ॐ भूः भुवः स्वः देवताभ्यः अखण्ड ब्रह्माण्ड याग देवताभ्यः धूर्भ्यः उपधूर्भ्यः महागायत्र्यै सावित्र्यै सरस्वत्यै हेरुकादिभ्यः वटुकादिभ्यः।

उत्पन्नम् अमृतं दिव्यं प्राक् क्षीरो दधि मन्थनात्।
अन्नम् अमृत रूपेण नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम्।।
कर्पूरगौरं करुणावतारं संसारसारं भुजगेन्द्र हारम्।
सदा वसन्तं हृदयारविन्दे भवं भवानी सहितं नमामि।।
देवी प्रपन्नार्ति हरे प्रसीद प्रसीद मातः जगतोऽखिलस्य।
प्रसीद विश्वेश्वरि पाहि विश्वं त्वं ईश्वरी देवि चराचरस्य।।
तत् सत् ब्रह्म् अद्य तावत् तिथौ अद्य फाल्गुणमासस्य
कृष्णपक्षस्य द्वादश्यां या त्रयोदश्यां अमुकवासरान्वितायां

वार का नाम लेकर

श्री वटुकदेवता संतोषणार्थं शुभफल प्राप्त्यर्थं
ओं नमो नैवेद्यं निवेदयामि नमः।

नैवेद्यं मंत्र समाप्त

अब अन्नकण रखने हैं

रोटी के 36 टुकड़े पहले ही काट कर तैयार रखे फिर दर्भ के तीन तिनके अग्नि के पास दाईं ओर भूमि पर बिछा कर पुस्तक में वर्णित विधि के अनुसार अन्नकणों को नं0 एक से रखना आरंभ करें।



1. तक्षाय नमः
2. उपतक्षाय नमः
3. अम्बा नामासि नमस्ते
4 .दुला नामासि नमस्ते
5. नितंत्री नामासि नमस्ते
6. चुपनीका नामासि नमस्ते
7. अभ्रयन्ती नामासि नमस्ते
8. मेघयन्ती नामासि नमस्ते
9. वर्षयन्ती नामासि नमस्ते
10. नन्दिनी नमस्ते
11. सुभगे नमस्ते
12. सुमङ्गलि नमस्ते
13. भद्रङ्करि नमस्ते
14. श्रियै हिरण्यकेश्यै नमः
15. वनस्पतिभ्यो नमः
16 धर्माय नमः
17. अधर्माय नमः
18. मृत्यवे नमः
19. मरुत्भ्यो नमः
20. वरुणाय नमः
21. विष्णवे नमः
22. वैश्रवणायराज्ञे नमः
23. भूतेभ्यो नमः
24. इन्द्राय नमः
25. इन्द्रपुरुषेभ्यो नमः
26. यमाय नमः
27. यमपुरुषेभ्यो नमः
28. सोमाय नमः
29. सोमपुरुषेभ्यो नमः
30. वरुणाय नमः
31. वरुणपुरुषेभ्यो नमः
32. ब्रह्मणे नमः
33. ब्रह्म पुरुषेभ्यो नमः
34. ऊर्ध्वं आकाशाय नमः
35. स्थण्डिले दिवञ्चरेभ्यो भूतेभ्यो नमः
36. नक्तं चरेभ्यो भूतेभ्यो नमः

सब पर थोडा सा जल छिड़कें

तक्षादिभ्यः षट्त्रिंशद् देवताभ्यः आचमनीयं नमः।

अब सब पितरों के नाम अन्नकण रखने हैं। बायं जन्यू रखकर देव अन्नकणों के नीचे अपनी दाई ओर दर्भ के चार तिनके जिनका सिर दक्षिण की ओर हो भूमि पर बिछावे उन पर तिल और पानी छिड़कें

इसी बिछाई हुई दर्भ को अंगूठे से स्पर्श करते हुये पढें–

उशन् तस् त्वा हवामह उशन्
तः समिधीमहि, उशन नुशत
आवह पितृन् हविषे अत्तवे।
दर्भास्तरणे तिलोदकेन
अवनेजनं स्वधा



रोटियों के टुकड़ों पर दूध, दही, तिल, पानी, शहर और घी मिलायें, फिर बायें घुटने को जमीन पर रखकर एक टुकड़ा दाएं हाथ में रखें

देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च।
नमः स्वधा च स्वाहा च नित्यं एव भवन्त्विह।। 3 बार पढ़े
तत–सत्–ब्रह्म–अद्य–तावत्–तिथौ अद्य फाल्गुणमासस्य कृष्णपक्षस्य द्वादश्यां / त्रयोदश्यां

वार का नाम

पिता जी का नाम गोत्र समेत लेकर इस टुकड़े को नं 1 पर रखिए

पिता एतत् ते अन्नं ये च त्वाऽनु

दादाजी का नाम लेकर नं 2 पर रखें

पितामह एतत्तेऽन्नं ये च त्वाऽनु

परदादा का नाम लेकर नं 3पर रखें

प्रपितामह एतत्तेऽन्नं ये च त्वाऽनु

अब इसी प्रकार तीन तीन की पंक्ति बनाते जाइए

माता जी का नाम लेकर दूसरी पंक्ति में नं0 4 पर रखें

माता एतत्तेऽन्नं या चत्वाऽनु

दादी का नाम लेकर दूसरी पंक्ति में नं0 5 पर रखें

पितामही एतत्तेऽन्नं या चत्वाऽनु

परदादी का नाम लेकर दूसरी पंक्ति में नं0 6 पर रखें।

प्रपितामही एतत्तेऽन्नं या चत्वाऽनु

नाना जी का नाम लेकर तीसरी पंक्ति में नं0 7 पर रखें।

मातामह एतत्तेऽन्नं ये चत्वाऽनु

परनाना का नाम लेकर तीसरी पंक्ति में नं0 8 पर रखें

प्रमातामह एतत्तेऽन्नं ये चत्वाऽनु

परपड़ नाना का नाम लेकर तीसरी पंक्ति में नं0 9 पर रखें

वृद्धप्रमातामह एतत्तेऽन्नं ये चत्वाऽनु

नानी का नाम लेकर चौथी पंक्ति में नं0 10 पर रखें

मातामही एतत्तेऽन्नं या च त्वाऽनु

परनानी का नाम लेकर चौथी पंक्ति में नं0 11 पर रखें

प्रमातामही एतत्तेऽन्नं या चत्वाऽनु

पर पड़नानी का नाम लेकर चौथी पंक्ति में नं0 12 पर रखें

वृद्ध प्रमातामही एतत्तेऽन्नं या चत्वाऽनु

इसी प्रकार अन्य सम्बन्धियों के भी गोत्रा समेत नाम लेकर अष्टाङ्ग अन्न से संतृप्त करें और अन्त में शेष बचे टुकड़े वहीं छोड़कर हाथ धे लें

समस्तमातापितृभ्यो द्वादशदैवतेभ्यः पितृभ्यः अन्नं स्वधा।

पवित्र निकाल कर फिर अंगूठे से सब अन्नकणों पर चन्दन का तिलक लगाइए

समस्तमाता पितृभ्यः समालभनं गन्धः स्वधा।

हाथ धोकर पवित्र घारण कर अर्घ–पुष्प लगाए

अर्घः स्वधा पुष्पं स्वधा।

थोड़ा सा जल निर्माल्यपात्र में डालिए

दीपः स्वधा धूपः स्वधा।

फलमूल आदि पितर अन्नकणों पर रखें

समस्तमाता पितृभ्यः भक्ष्य भोज्य फल मूल बलि नैवेद्यं आहारादि अन्नं स्वधा।

फिर तिल और शहद पानी की कवल में मिलाकर अन्नकणों के सामने आचमन रखें

समस्तमाता पितृभ्यः तिलमधुमिश्रं उदकपात्रं आचमनीयं जलं स्वधा।

अन्त में दूध, दही, शहद, चावल और तिल जल में मिलाकर सब का निर्माल्य पात्रा में तर्पण करें

समस्तमातापितृभ्यः हिमपानं स्वधा, क्षीरपानं स्वधा, मधुपानं स्वधा, तिलोदकं स्वधा, उदकतर्पणं स्वधा, हिमम्–हिमम्–रजतम्–रजतम्।

दायां जन्यू करके फिर तर्पण करें

वसन्ताय नमः, ग्रीष्माय नमः, वर्षाभ्यो नमः, शरदे नमः, हेमन्ताय नमः, शिशिराय नमः, षड्ऋतुभ्यो नमः।

अब रोटी का एक टुकडा अग्नि में डालिए (ईशान कोण पर)

अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा।

दोनों हाथ धोकर प्राणायाम करें

ॐ भूः, ॐ भुवः, ॐ स्वः, ॐ महः ॐ जनः, ॐ तपः, ॐ सत्यं, ॐ तत् सवितुः वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्ॐ आपो ज्योति रसोमृतम् ब्रह्म भूः भुवः स्वरोम् - 3

प्रणीतपात्रा में से अग्नि को तीन बार जल की छींटें दे

1. **ऋतं त्वा सत्येन विमुञ्चामि**
2. **सत्यं त्वर्तेन विमुञ्चामि**
3. **ऋतसत्याभ्यां त्वा विमुञ्चामि**

अग्नि के चारों ओर पहले बिछाये दर्भ के चार तिनके उठाकर वापिस अग्नि में डालिए



यज्ञस्य सन्ततिरसि यज्ञस्य त्वा सन्तत्यै नयामि।

अग्नि में फूल डालिए

1. **धर्मं देहि धनं देहि पुत्र पौत्रांश्च देहि मे।**
   आयुः आरोग्यं ऐश्वर्यं देहि मे हव्य वाहन।।

2. **भक्तिं देहि श्रियं देहि सुखं देहि स्वतन्त्रताम्।**
   देहि भोगं च मोक्षं च मनोभिलषितं मम।।

3. **गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठ ब्रह्मविष्णु महेश्वराः।**
   यत्र देवालयाः सर्वे तत्र गच्छ हुताशन।।

अग्नि की ज्योति दोनों हाथों से अपने में समा लीजिए

तेजोसि तेजो मयि देहि।

पृथ्वी पर रोटी का एक टुकडा यक्ष्म रोगराज को बलि दीजिए

भगवन् यक्ष्म एतत् ते अन्नं नमः।

थोडा सा पानी डालिए

एतत्ते आचमनीयं नमः।

कंठोपवीती –

गले में जन्यू रखकर सनकादि ऋषियों को रोटी के चार टुकडे, हथेली से दीजिए

सनकादिभ्यः ऋषिभ्यः अन्नं नमः।



थोड़ा जल डालिए

सनकादिभ्यः ऋषिभ्यः आचमनीयं नमः।

यज्ञोपवीत दायें कीजिए **सव्येन**

तीसरे पात्र में रखे व्यंजन समेत अन्न कश्मीरी भाषा (चुटू) को हाथ लगाए

या काचित् योगिनी रौद्रा सौम्या घोरतरा परा।
खेचरी भूचरी रामाः तुष्टाः भवंतु मे सदा।।
आकाशमातृभ्यः अन्नं नमः।

अंगूठे से इस अन्न के भाग को सिन्दूर का तिलक लगाए

आकाशमातृभ्यः समालभनं गन्धो नमः।

हाथ धोकर अर्घपुष्प लगाए

आकाशमातृभ्यः अर्घो नमः पुष्पं नमः।

अब इसी थाली में पहले से ही रखे अन्न से अन्य जीवों को भी किसी दूसरे पात्र में बलि देते रहें, (इसे "गोग्रास" कहते हैं)

सौरभेय्याः (स्वर्गहिताः पवित्राः पुण्यराशयः।
प्रतिगृह्णन्तु मे ग्रासं गावस् त्रैलोक्य मातरः।।
गोभ्यः अन्नं नमः।

ऐद्र वारुण वायव्या याम्या नैर्ऋतिकाश्च ये।
